फागुण के मेले में खाटू जाएँगे

बरसाने की गलियन में सखियां मचावे शोर,
होली खेलन आ गयो नटवर नंद किशोर.....

होली खेल रहे नंदलाल राधा संग बरसाने में,
संग बरसाने में मगन भए रंग उड़ाने में......

राधा करे तैयारी संग बुलालई सखियां सारी,
उधर कन्हैया ग्वाल बाल संग भर मारे पिचकारी,
चुनरी भीग गई राधा की हाय शर्माने में,
होली खेल रहे नंदलाल राधा संग बरसाने में......

एक तरफ वृंदावन देखो एक तरफ बरसाना,
राधे कृष्ण की होली देखन आयो सगरो जमाना,
कोई कसर नहीं छोड़ेंगे हम धूम मचाने में,
होली खेल रहे नंदलाल राधा संग बरसाने में.....

जन्मो जन्म नहीं छूटे राधिका ऐसो रंग लगा दे,
बृज की होली में नंदगांव को ऐसो मिलन करवा दे,
राधे कृष्ण की होली के चर्चे खूब जमाने में,
होली खेल रहे नंदलाल राधा संग बरसाने में........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30899/title/fagun-ke-mele-me-khatu-jayege

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |